>

Title : Need to waive off the loans taken by farmers from the Cooperative Society in district Balia, Uttar Pradesh.

श्री नीरज शेखर (बलिया): मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बलिया जनपद के ऋणग्रस्त कृषकों की समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं। किसानों ने वर्ष 1997 से पूर्व साधन सहकारी समिति के माध्यम से बीज एवं उर्वरकों के लिए छोटे-छोटे ऋण लिये थे। बार-बार प्राकृतिक आपदाओं के आने से कृषक ऋण की अदायगी कर पाने में असमर्थ रहा। वर्ष 2008 में केन्द्र सरकार की ऋण माफी योजना के अंतर्गत भी इनको लाभ नहीं मिला। ये कृषक आर्थिक रूप से भी काफी कमजोर हैं और ऋण चुकाने में असमर्थ हैं।

अतः सरकार से मेरा पुरजोर अनुरोध है कि सरकार 2008 की तरह ही इन कृषकों का ऋण भी माफ करें ताकि इन लोगों को भी ऋण मिले एवं इनका नाम ऋणी किसानों की काली सूची से निकाला जाये ताकि ये नये ऋण के लिए पात्र बनें।